BIHAR BOARD CLASS–XII

2016

SUBJECT- HINDI

समय: 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

1. संक्षिप्त पत्र लिखें-

फीस माफ करने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखें।

अथवा,

गाँव की समस्या को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम एक पत्र लिखें।

2. संक्षेपण करें-

सामाजिक हिंसा सिर्फ राजनीति में ही नहीं, बल्कि सामाजिक संबंधों में भी फैल रही है। इस सामाजिक हिंसा का महिलाएँ सीधे शिकार बनती हैं। साथ में हमरे समाज के तमाम कामगार आदिवासी, छोटे किसान और मजदूर जगह-जगह पर हिंसा को सह रहे हैं। आज यह राजनीति के साथ-साथ राजनीति की मुख्यधारा में भी शामिल हो गयी है, जो भविष्य के लिए अच्छा नहीं है।

3. I. सही जोड़े का मिलान करें-

(क) बातचीत	(i) जय प्रकाश नारायण
(ख) ओ-सदानीरा	(ii) जगदीश चन्द्र माथुर
(ग) जूठन	(iii) ओम प्रकाश वाल्मीकि
(घ) संपूर्ण क्रांति	(iv) बाल कृष्ण भट्‌ट
(ङ) तुमुल कोलाहल कलह में	(v) जयशंकर प्रसाद

II. निम्नलिखित प्रश्नों के बहुवैकल्पिक उत्तरों में से सही उत्तर बताइए-

(i) गाँव का घर

(क) ज्ञानेन्द्र पति

(ख) मलयज

(ग) नरेश सक्सेना

(घ) त्रिलोचन

(ii) गालिव

(क) त्रिलोचन

(ख) अरुण कमल

(ग) भूषण

(घ) नागार्जुन

(iii) प्यारे नन्हें बच्चे

(क) विनोद कुमार शुक्ल

(ख) हेनरी लोपेज

(ग) अंतोन चेखव

(घ) सआदत स्वाग थान

(iv) सफेद कबूतर

(क) गाइ-डि मापासाँ

(ख) न्यूयेन क्वांग थान

(ग) लू शुन

(घ) अंतोन चेखव

(v) छप्पय

(क) शमशेर बहादुर सिंह

(ख) विनोद कुमार शुक्ल

(ग) अशोक वाजपेयी

(घ) नाभादास

4. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखिए-

(क) चुनाव प्रक्रिया

(ख) मोबाइल

(ग) आतंकवाद

(घ) प्रदूषण

5. सप्रसंग व्याख्या करें-

(क) आप उस समय महत्वाकांक्षी रहते हैं जब आप सहज प्रेम से कोई कार्य सिर्फ कार्य के लिए करते हैं।

अथवा,

हम नूतन विश्व के निर्माण करने की आवश्यकता महसूस करते हैं।..... हम में से प्रत्येक व्यक्ति पूर्णतया मानसिक और आध्यात्मिक क्रांति में होता है।

(ख) पंचायती राज में जैसे खो गए पंच परमेश्वर बिजली बत्ती आ गयी कब की।

अथवा,

आशाओं से भरे हृदय भी छिन्न हुए हैं, अपने प्रिय परिवार देश से भिन्न हुए हैं।

6. निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दें-

(क) बोधा सिंह कौन है?

(ख) गंगा पर पुल बनाने में अंग्रेजों ने क्यों दिलचस्पी नहीं ली?

(ग) मानक और सिपाही एक दूसरे को क्यों मारना चाहते है?

(घ) जीवन में विद्रोह का क्या स्थान है?

(ङ) प्रगीतात्मकता का अर्थ आलोचकों को दृष्टि से क्या है

(च) डायरी का लिखा जाना क्यों मुश्किल है?

7. निम्नलिखित दो दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दे-

(क) 'छप्पय' कविता का सारांश लिखे।

अथवा

'कदित' शीर्षक कविता का सायं लिखे।

(ख) तिरिछ' कहानी का सारांश लिखें।

अथवा,

'शिक्षा' का सारांश लिखें।

8. रीतिकाल की सामान्य प्रवृत्तियों का संक्षिप्त परिचय दें।

अथवा,

जायसी के काव्य कला पर प्रकाश डालें।